# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता/6213
दिनांक :– 26-5-2020

सेवा में,
सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः**– बी0एड0 प्रवेश परीक्षा की काउन्सिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले महाविद्यालय/संस्थानों की सम्बद्धता की तिथि के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्यक्त विषयक शासन के पत्र संख्याः 237/सत्तर–7–2020–बी0एड0 (05)/2014, दिनांक 23.06. 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा कोविड– 19 के दृष्टिगत लोकडाउन के कारण विशेष परिस्थितियों में बी0एड0 पाठयक्रम में सम्बद्धता हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि को बढाकर 15 जुलाई, 2020 इस शर्त के साथ प्रदान की गयी कि उक्त तिथि परिवर्तन बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2020 हेतु लागू रहेगा।

अतः शासन के उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि बी0एड0 पाठयक्रम शैक्षिक सत्र 2020–21 में सम्बद्धता हेतु निरीक्षण मण्डल की आख्या 05 जुलाई तक सदस्य सचिव के माध्यम से प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात कोई भी सम्बद्धता प्रस्ताव विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिसका समस्त उत्तर दायित्व संस्थान/महाविद्यालय का होगा।

भवदीय,

25/5/2020
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
03. प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, वेबसाइट, चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)

KL(428)